समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# वॉट्सऐप पर आया इंस्टाग्राम जैसा फीचर, स्टेटस पर लगा सकेगें..

Publisher

Published on 20 Jan 2025




**अब व्हाट्सऐप ने एक नया फीचर जोड़ा है जिसकी मदद से हम अपने वीडियो मे गाने लगा सकते है. ये फीचर इंस्टाग्राम जैसा ही है. कुछ दिन पहले, व्हाट्सऐप ने स्टेटस मे लोगों के नाम लिखने की नई सुविधा दी थी, ठीक वैसे ही जैसे इंस्टाग्राम पर करते है.**

**WhatsApp New Feature:** व्हाट्सऐप एक ऐसा ऐप है जिसका इस्तेमाल हम अपने दोस्तों और परिवार वालों से बात करने के लिए करते हैं. ये ऐप हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करता रहता है. अब व्हाट्सऐप ने एक नया फीचर जोड़ा है जिसकी मदद से हम अपने वीडियो में गाने लगा सकते हैं. ये फीचर इंस्टाग्राम जैसा ही है. कुछ दिन पहले, व्हाट्सऐप ने स्टेटस में लोगों के नाम लिखने की नई सुविधा दी थी, ठीक वैसे ही जैसे इंस्टाग्राम पर करते हैं. अब, व्हाट्सऐप पर भी स्टोरी में गाने लगा सकेंगे, जैसे इंस्टाग्राम पर करते हैं. यह नई सुविधा अभी कुछ खास लोगों के व्हाट्सऐप पर चल रही है, जिन्हें बीटा टेस्टर कहते हैं.

### वॉट्सऐप पर गाने ऐड करे

**WABetainfo** के मुताबिक, व्हाट्सऐप पर एक नया फीचर आने वाला है, जहां आप अपनी स्टोरी में गाने लगा सकेंगे. अभी ये फीचर सिर्फ कुछ खास लोगों के व्हाट्सऐप पर चल रहा है. जब आप अपनी स्टोरी बनाएंगे तो आपको एक नया ऑप्शन मिलेगा, जहां से आप ढेर सारे गानों में से अपना पसंदीदा गाना चुन सकते हैं. ये बिल्कुल इंस्टाग्राम की तरह ही काम करेगा.

अब आप व्हाट्सऐप पर भी इंस्टाग्राम की तरह गाने लगा सकते हैं. व्हाट्सऐप में भी गानों का एक बड़ा संग्रह है, जहां से आप अपना पसंदीदा गाना चुन सकते हैं. आपको यहां पर लोकप्रिय गाने और गायकों की एक अलग-अलग लिस्ट मिलेगी. आप अपनी पसंद के हिसाब से कोई भी गाना ढूंढ सकते हैं.

### वॉट्सऐप स्टेट्स मेशंन

अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर जब आप कोई स्टोरी डालते हैं, तो आपको नीचे **एक छोटा सा @** का निशान दिखाई देगा. इस पर क्लिक करें. आपके सारे कॉन्टैक्ट्स की एक लिस्ट खुल जाएगी. इसमें से जिस भी व्यक्ति को आप अपनी स्टोरी में शामिल करना चाहते हैं, उसका नाम ढूंढकर उसे चुन लें. बस इतना ही. आपका दोस्त अब जान जाएगा कि आपने उसे अपनी स्टोरी में याद किया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.